# प्रादेशिक समाचार बुलेटिन
# आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 15.12.2024 प्रसारण समय : 19:20 बजे

---

## मुख्य समाचार :–

1. उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से होगा शुरू : 17 दिसम्बर को पेश किया जायेगा अनुपूरक बजट।
2. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ लखनऊ में आयोजित 'दिव्य महाकुंभ कार्यक्रम' में हुए शामिल : कहा– कुंभ प्रदेश के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को ले जायेगा आगे।
3. लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने इटावा में हिंदी सेवा निधि के 32वें वार्षिक अधिवेशन को किया सम्बोधित : हिंदी को बताया भारत की आत्मा और पहचान।

और

4. प्रदेश में शीतलहर का क्रम जारी : पश्चिमी जिलों में घना कोहरा छाये रहने की संभावना।

———————

उत्तर प्रदेश विधानमंडल का शीतकालीन सत्र कल से शुरू हो रहा है। विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की मौजूदगी में आज हुई सर्वदलीय बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सदन में स्वस्थ चर्चा से प्रदेश का विकास और जनता की समस्याओं का समाधान होता है। उन्होंने कहा कि हम सभी जनप्रतिनिधि हैं और हमें जनता के मुद्दों तथा उनकी समस्याओं को लेकर सदन में सुचारू रूप से चर्चा करनी चाहिए। एक रिपोर्ट..

*मुख्यमंत्री और विधानसभा अध्यक्ष ने सदन के कुशल संचालन के लिए सभी दलों से सहयोग की अपील की। विधानमंडल सत्र के पहले दिन कल औपचारिक काम के साथ अध्यादेश, अधिसूचनाएं और नियम विधानसभा के पटल पर रखे जाएंगे। 17 दिसंबर को वित्तीय वर्ष 2024–25 का दूसरा अनुपूरक बजट दोनों सदनों में प्रस्तुत किया जाएगा। 18 दिसंबर को अनुपूरक बजट की अनुदान मांगों पर चर्चा के बाद इसे सरकार पारित कराएगी। इसके बाद विधायी कार्य होंगें। फ़ज़ल इनाम आकाशवाणी समाचार कक्ष।*

सत्र के दौरान विपक्ष विभिन्न मुद्दो को लेकर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। विधानसभा में प्रतिपक्ष के नेता माता प्रसाद पाण्डेय ने कहा कि समाजवादी पार्टी प्रदेश में बिगड़ते सौहार्द के विषय पर सरकार का घेराव करेंगे। बाइट..

*जो सद्भाव बिगाड़ने की घटनाएं हो रही हैं, दंगे के रूप में या किसी रूप में उस पर हम सरकार को नोटिस देंगे और सरकार को उस पर घेरेंगे।*

विधानमंडल का शीतकालीन सत्र बीस दिसम्बर तक जारी रहेगा।

——————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 13 जनवरी से शुरू हो रहा प्रयागराज महाकुम्भ भारत के आध्यात्मिक और भौतिक विकास के सभी कार्यों पर चर्चा और परिचर्चा का केन्द्र–बिन्दु बनेगा। श्री योगी आज लखनऊ में दिव्य महाकुंभ विषय पर आयोजित एक निजी कार्यक्रम में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वस्तरीय यह आयोजन उत्तर प्रदेश के आर्थिक समृद्धि के रोडमैप को आगे बढ़ाने में मार्गदर्शक होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि महाकुंभ में 45 दिनों में 40 करोड़ से अधिक श्रद्धालुओं के आने का अनुमान है, लेकिन राज्य सरकार की तैयारी 100 करोड़ श्रद्धालुओं के लिए होगी। उन्होंने कहा कि इस बार 10 हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुम्भ का विस्तार किया गया है और श्रद्धालुओं के लिये अनेक सुविधाएं उपलब्ध कराई जायेंगी। बाइट..

*बारह किलोमीटर के घाट तैयार किये जा रहे हैं। जहां पर कोई भी श्रद्धालु पूरी श्रद्धा के साथ, सुगमता के साथ स्नान कर सके। इतना बड़ा आयोजन होगा इसके लिए दस हजार एकड़ क्षेत्रफल में कुंभ का विस्तार किया गया है। इस बार आप देखेंगे चार धाम के भी दर्शन होंगे, चार धाम उत्तराखंड के भी, बद्रीनाथ, केदारनाथ, गंगोत्री और यमुनोत्री के भी होंगे और चार धाम भारत के भी । द्वादश ज्योर्तिलिंग और अन्य प्रमुख ज्योर्तिलिंग के भी दर्शन होंगे। भारत की आध्यात्मिक और भौतिक विकास के सभी कार्यों पर चर्चा–परिचर्चा का केन्द्र–विन्दु बनेगा।*

श्री योगी ने कहा कि प्रयागराज कुंभ में एआई टूल, भाषिणी ऐप के माध्यम से भारत की 11 भाषाओं को समाहित करते हुए हर व्यक्ति अपनी भाषा में जानकारी प्राप्त

कर सकेगा। कुम्भ में प्रवेश करने वाले हर व्यक्ति की काउंटिंग भी सरकार के पास होगी।

————————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा है कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल वर्तमान भारत के शिल्पी थे। श्रीयोगी आज लखनऊ में भारत रत्न लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की पुण्यतिथि पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा का सम्बोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल ने राष्ट्र एकोकरण के अभियान को नई ऊंचाइयां प्रदान कीं। उन्होंने 563 से अधिक रियासतों को भारत गणराज्य का हिस्सा बनाने में ऐतिहासिक भूमिका निभाई। एक भारत–श्रेष्ठ भारत की पृष्ठभूमि में सरदार पटेल की सोच, प्रयास और परिश्रम का महती योगदान है। बाइट..

*उन्होंने एक ओर देश की आजादी के आंदोलने के साथ बढ़–चढकर भाग लिया। दूसरी तरफ अन्नदाता किसानों की समृद्धि के लिये उनके उत्थान के लिए अनेक प्रकार के अभियान भी जनजागरण के अभियान भी उस दौरान उन्होंने चलाये। देश के अंदर सांस्कृतिक भारत की स्थापना का जो अभियान उस समय चलाया था आज उसी का परिणाम है लौह पुरूष सरदार बल्लभ भाई पटेल की उन स्मृतियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने के लिए आज प्रधानमंत्री मोदी जी के नेतृत्व में नया भारत पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रहा है।*

इस मौके पर लखनऊ स्थित कांग्रेस मुख्यालय पर लौह पुरूष को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि आजादी के बाद देशी रियासतों का एकीकरण कर आधुनिक भारत के निर्माण में सरदार पटेल की ऐतिहासिक भूमिका को भुलाया नहीं जा सकता।

——————————

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा है कि हिंदी भारत की आत्मा और पहचान है। वह आज इटावा के इस्लामिया इण्टर कॉलेज में आयोजित हिंदी सेवा निधि के 32वें वार्षिक अधिवेशन और हिंदी सवा सम्मान समारोह में बोल रहे थे। श्री बिरला ने कहा कि अलग–अलग भाषा और बोली पर विचार करने वाले लोगों की मान्यता है कि देश की सभी भाषाएं एकता की प्रतीक हैं और हिंदी भाषा भारत को एक सूत्र में बांधती ह, इसलिए हिंदी का संवर्धन जरूरी है। उन्होंने कहा कि डिजिटल युग में हिंदी का महत्व और बढ़ गया है। पिछले दस वर्षों के दौरान सुप्रीमकोर्ट और संसद में भी हिंदी भाषा में तेजी से काम हो रहा है। लोकसभा अध्यक्ष ने हिंदी सेवा निधि के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्था हिंदी भाषा के संवर्धन और विस्तार में योगदान कर रही है।

——————————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

—————————

प्रदेश में बिजली बिल के बकायादारों के लिए आज से एकमुश्त समाधान योजना शुरू हो गई है। यह योजना तीन चरणों में चलेगी। योजना के तहत उपभोक्ताओं को बिजली बिल पर लगे सरचार्ज की छूट मिलगी और बकाया बिल का भुगतान किस्तों में करने का विकल्प भी मिलेगा। पंजीकरण के समय तीस सितम्बर 2024 तक के बिजली बिलों के मूल बकाये का तीस प्रतिशत राशि जमा करना जरूरी होगा। इसके अलावा एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को पहले चरण में विलंबित बिलों के एकमुश्त अदायगी करने पर उनके सरचार्ज में शत–प्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। समाधान योजना का पहला चरण 31 दिसम्बर तक चलेगा, जबकि दूसरा चरण एक जनवरी से 15 जनवरी और तीसरा तथा अंतिम चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी तक जारी रहेगा।

—————————

राज्य के पूर्वी और पश्चिमी अंचलों के अनेक इलाकों में अगले दो–तीन दिनों के दौरान ठंड और शीत लहर का दौर जारी रहेगा। मौसम विभाग ने इस सिलसिले में येलो अलर्ट जारी किया है। लखनऊ स्थित मौसम केंद्र के निदेशक मनीष रनालकर ने कहा कि पश्चिमी यूपी के कई इलाकों में घना कोहरा छाये रहने की भी संभावना है। बाइट....

*पिछले एक सप्ताह से प्रदेश में न्यूनतम तापमान में गिरावट आई है। यह सिलसिला अगले दो तीन दिनों तक भी बरकरार रहेगा, जिसके चलते और पश्चिमी उत्तर प्रदेश में कहीं कहीं पर शीतलहर होने की संभावना है और साथ ही अर्ली मॉर्निंग अवर्स और देर रात्रि में कहीं कहीं पर घना कोहरा होने की भी संभावना है। जिसके चलते दृश्यमानता में गिरावट होगी जो कि 50 से 200 मीटर तक की गिरावट दृश्यमानता में देखी जा सकती है।*

———————

यमुना एक्सप्रेस–वे पर हल्के और भारी वाहनों के लिए आज से नई स्पीड सीमा तय की गई है। यमुना प्राधिकरण के मुख्य कार्यपालक अधिकारी अरूण कुमार सिंह ने बताया है कि यमुना एक्सप्रेस–वे और नोएडा से ग्रेटर नोएडा को जोड़ने वाले एक्सप्रेस–वे पर हल्के वाहनों के लिये अधिकतम 80 किलोमीटर प्रतिघंटा और भारी वाहनों के लिए अधिकतम 60 किलोमीटर प्रतिघंटा की रफ्तार निर्धारित की गई है। श्री सिंह ने बताया कि यह फैसला सर्दियों में घने कोहरे की आशंका के मद्देनजर किया गया है। उन्होंने बताया कि कोहरे से सड़कों पर विजिबिलिटी कम को जाने की वजह से मोटर गाड़ियां चलाने में न सिर्फ मुश्किल होती है बल्कि दुर्घटना की संभावना भी बढ़ जाती है। श्री सिंह ने बताया कि गति सीमा से ज्यादा रफ्तार से चलने वाले हल्के वाहनों पर दा हजार रूपये और भारी वाहनों पर चार हजार रूपये का जुर्माना लगाया जायेगा। यह गतिसीमा आगामी 15 फरवरी तक प्रभावी रहेगी।

———————

प्रयागराज में  कल से संस्कृति और पर्यटन की लघु फिल्मों का अंतरराष्ट्रीय समारोह–आईएफएफसी शुरू हो रहा है। उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा प्रायोजित इस तीन दिवसीय समारोह में सिने जगत की कई नामी हस्तियां शामिल होंगी, जिनमें फिल्म निर्माता बोनी कपूर फिल्म, टीवी आर थिएटर अभिनेता मनोज जोशी, अभिनेता राजेश पुरी अभिनेत्री मंजरी फडनीस आदि प्रमुख हैं। प्रदेश के पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने यह जानकारी देते हुए कहा कि महाकुंभ–2025 से पहले प्रयागराज में यह आयोजन निश्चित तौर पर फिल्म प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। श्री सिंह ने बताया कि आईएफएफसी के इस सातवें संस्करण के लिए 146 देशों से 4 हजार 3 सौ से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हुई जिनमें निर्णायक मंडल ने 47 देशों की 97 फिल्मों का चयन किया है। चयनित फिल्मों का प्रदर्शन समारोह के दौरान किया जाएगा।

———————